पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक! pnb punjab national bank ...the name you can BANK upon !

# मानव संसाधन विकास विभाग

मण्डल कार्यालय, 1–2 रघुनाथ नगर, एम. जी. रोड, आगरा (282002)

पंजाब नैशनल बैंक, आगरा मंडल के अन्तर्गत कार्यरत शाखाओं/कार्यालयों में अधीनस्थ वर्ग में चपरासी के पद पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं –

| क्रम स0 | पद का नाम | वेतन भत्ता | आयु सीमा | योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1. | चपरासी (Peon) | 14500-28145+ अन्य भत्ते | 18 – 24 वर्ष | 12वीं पास अथवा समकक्ष* |

***(स्नातक एवं समकक्ष परीक्षा पास उम्मीदवार इसके पात्र नहीं होंगे)**

| जिले का नाम | रिक्त पद की संख्या | अनु.जा. (एस.सी.) | अ.पि.व. (ओ.बी.सी.) | अनारक्षित |
|---|---|---|---|---|
| जिला आगरा | 11 | 02 | 04 | 05 |
| जिला हाथरस | 04 | 01 | 01 | 02 |
| कुल रिक्त पद | 15** | 03 | 05 | 07* |

(*दो पद आर्थिक कमजोर वर्ग (EWS) के लिए आरक्षित, (अनारक्षित पदों में से) आर्थिक कमजोर वर्ग (EWS) के अभ्यार्थी शासन द्वारा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी किया गया प्रमाण पत्र संलग्न करें।

**(24.5% पद भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित, कुल पदों (आरक्षित/अनारक्षित) में से)

**एक पद लोकोमोटर विकलांगता सेरेब्रेल पाल्सी को लेकर, कुष्ठ रोग से ठीक हुए लोग, बौनापन, एसिड हमले के शिकार लोग एवं मांसपेशीय दुर्विकास वाले लोग के लिए आरक्षित/ अनारक्षित श्रेणी में से (one post is reserved for Locomotor disability including cerebral palsy, leprosy cured, dwarfism, acid attacks victims and muscular dystrophy from reserved/unreserved category).

## *उपरोक्त पद के लिए वांछित योग्यता:*

**01. शैक्षणिक योग्यता :** न्यूनतम/अधिकतम – कक्षा 12 वीं उत्तीर्ण अथवा समकक्ष एवं अंग्रेजी पढ़ने/लिखने का बेसिक ज्ञान हो। (स्नातक एवं समकक्ष परीक्षा पास उम्मीदवार इसके पात्र नहीं होंगे)

**02. आयु सीमा : दिनांक 01 जुलाई को आवेदक की न्यूनतम आयु – 18 वर्ष तथा अधिकतम आयु–24 वर्ष होनी चाहिए।**

## *आयु सीमा में छूट :*

- अनूसूचित जाति/जनजाति के आवेदकों हेतु 5 वर्ष।
- अनुसूचित जाति/जनजाति के शारीरिक रूप से आस्थि विकलांग आवेदकों हेतु 15 वर्ष
- अन्य पिछड़े वर्ग के आवेदकों हेतु 3 वर्ष।
- अन्य पिछड़े वर्ग के शारीरिक रूप से आस्थि विकलांग आवेदकों हेतु 13 वर्ष
- सामान्य वर्ग के शारीरिक रूप से आस्थि विकलांग आवेदकों हेतु 10 वर्ष
- भूतपूर्व सैनिको हेतु : मिलिट्री सेवा में की गई सेवा के पश्चात् अतिरिक्त 3 वर्ष
- 1984 के दंगों में मारे गये लोगों के बच्चों/परिवार सदस्यों हेतु 3 वर्ष

(अधिकतम आयु सीमा सभी छूट मिलाकर 45 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए, जब तक कि ऐसा सरकार के दिशानिर्देशों में ना दिया गया हो।)

**03. मूल निवास :** जिस जिले हेतु आवेदन किया जा रहा है अभ्यार्थी को उसी जिले का मूल निवासी होना आवश्यक है तथा उसे उस जिले का मूल निवास प्रमाण पत्र अथवा जिला रोजगार कार्यालय का नवीनीकृत वैध रोजगार पंजीयन प्रमाण पत्र (रोजगार कार्यालय की अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील सहित) होना अनिवार्य है।

**04. आवेदन की प्रक्रिया:** इच्छुक अभ्यर्थी सादे कागज (A4) पर अपने आवेदन में निम्नलिखित सूचनाएँ सम्मिलित करें, (नाम, पिता का नाम, स्थायी पता, (पिन कोड सहित), जन्म तिथि (आयु) व शैक्षणिक योग्यता, जाति/वर्ग, मोबाइल नं. ईमेल आईडी (यदि है) सहित निम्न पते पर **केवल पंजीकृत/स्पीड पोस्ट डाक द्वारा प्रेषित करें।**

**अधीनस्थ वर्ग में चपरासी की भर्ती हेतु आवेदन प्रारूप**

पासपोर्ट साइज फोटो

1. नाम____
2. पिता/पति का नाम____
3. वर्तमान निवास का पूर्ण पता____
4. स्थायी निवास का पूर्ण पता____
5. जन्म तिथि____
6. शेक्षणिक योग्यता____
7. जाति/वर्ग____
8. मोबाइल नं.____
9. ईमेल आईडी____
10. रोजगार कार्यालय का पंजीयन क्रं. (यदि हो तो)____
11. आवेदित जिले का नाम

आवेदक के हस्ताक्षर

***आवेदन भेजने का पता :*** **पंजाब नैशनल बैंक, मानव संसाधन विकास विभाग, मण्डल कार्यालय, 1–2 रघुनाथ नगर, एम.जी.रोड, आगरा–282002**

**आवेदन केवल उपरोक्त माध्यम से ही प्रेषित किए जाए, व्यक्तिगत रूप से आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।**

आवेदन के साथ शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र एवं अंक तालिका, सत्यापित नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो, फोटो पहचान पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, मूलनिवास प्रमाण–पत्र अथवा जिला रोजगार कार्यालय का नवीनीकृत वैध रोजगार पंजीयन प्रमाण पत्र, दिवयांगता का प्रमाण पत्र एवं भूतपूर्व सैनिक डिस्चार्ज बुक संलग्न करें।

**05. शारीरिक मापदण्ड:** अंतिम रूप से चयनित आवेदकों को बैंक नियमानुसार मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

**06. आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि :**

07. पात्र अभ्यार्थियों को चयन प्रक्रिया हेतु पत्र के माध्यम से बुलावा भेजा जाएगा। अपात्र अभ्यार्थियों से किसी भी तरह का पत्र व्यवहार नहीं किया जाएगा। किसी भी अन्य तरह का पत्र व्यवहार/दूरभाष संवाद अवांछनीय माना जाएगा।

08. ***चयन प्रक्रिया:*** दिनांक 01.01.2016 से केंद्र सरकार द्वारा अधीनस्थ वर्ग में भर्ती हेतु साक्षात्कार बंद किया गया है, पात्र अभ्यर्थियों का चयन बैंक नियमानुसार आयु एवं 10वी कक्षा या समकक्ष एवं 12वी कक्षा या समकक्ष परीक्षा में प्राप्त अंको की मेरिट (वेटेज) के आधार पर किया जाएगा (स्नातक एवं समकक्ष परीक्षा पास उम्मीदवार इसके पात्र नहीं होंगे) किसी भी आवेदन पर विचार करने या न करने का अधिकार/चयन प्रक्रिया को निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार बैंक प्रबंधन अपने पास सुरक्षित रखता है।

09. एक आवेदक केवल एक ही जिले से आवेदन कर सकता है।

10. अंतिम तिथि के उपरांत प्राप्त होने वाले तथा आधे–अधूरे आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा । भर्ती प्रक्रिया के दौरान या नियुक्ति के उपरांत भी दी गई जानकारी में असत्यता पाए जाने पर उम्मीदवारी/ सेवा निरस्त कर दी जाएगी । भर्ती प्रक्रिया बिना कोई कारण बताये निरस्त अथवा निलंबित की जा सकती है।

11. रिक्तियों की संख्या घट/बढ सकती है ।

12. आवेदन पत्र के लिफाफे के ऊपर **"अधीनस्थ वर्ग में चपरासी की भर्ती हेतु आवेदन"** अवश्य लिखें ।

13. चयनित अभ्यर्थियों का नाम मण्डल कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित किया जाएगा।

14. **आवेदन का प्रारूप:** इच्छुक आवेदक उपरोक्त प्रारूप पर आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित प्रारूप के इतर प्रारूप पर आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

***मुख्य प्रबन्धक***